Title: Need to look into the problems of entrepreneurs in getting loans from banks in Buldhana Parliamentary constituency, Maharashtra.

**श्री आनन्दराव विठोबा अडसुल (बुलढाना):** अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बुलढाणा औद्योगिक दृष्टि से काफी पिछड़ा क्षेत्र है जिसके कारण इस क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ी है। यहां पर छोटे-छोटे व्यावसायिक अपना व्यवसाय भारत सरकार की प्रधान मंत्री रोजगार योजना की सहायता से चलाते हैं। बैंकों द्वारा अधिक से अधिक व्यावसायिकों को ऋण उपलब्ध कराने में बहुत दिक्कतें आ रही हैं। अत: सरकार से मैं विनती करता हूं कि बुलढाणा जैसे पिछड़े क्षेत्र का विकास शीघ्र गति से करने के लिए इस क्षेत्र में आने वाली सभी बैंकों को आदेश दे कि ऋण सहायता देने में सरलता लाएं और अधिक से अधिक युवकों को ऋण सहायता दिलाई जाए।